# त्रैमासिक परीक्षा

## प्रश्न बैंक

**(सत्र 2025- 26)**

**कक्षा-12**

## विषय-भूगोल

**स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय**
**मध्यप्रदेश भोपाल**

## प्रश्न-पत्र निर्माण हेतु विषय शिक्षक को निर्देश–

1. विषय शिक्षक प्रश्नपत्र निर्माण हेतु प्रश्नों का चुनाव करते समय भूगोल विषय की त्रैमासिक परीक्षा के ब्लू प्रिंट का अध्ययन कर लें।
2. ब्लू प्रिंट अनुसार ही प्रश्नों का चुनाव करते हुए प्रश्नपत्र का निर्माण करें। यह अवश्य ध्यान दें कि किसी प्रश्न का दोहराव नहीं हो|
3. प्रश्न पत्र के किसी प्रश्न का किसी अन्य चुने गये प्रश्न में उत्तर समाहित नहीं हो।
4. सही जोड़ी बनाइए वाले प्रश्न में कॉलम "क" और उसकी सही जोड़ी बनाने हेतु कॉलम "ख" का विशेष ध्यान रखते हुए चयन किया जाये।
5. प्रत्येक प्रश्न के समक्ष उसके लिये आवंटित अंक अवश्य अंकित करें।
6. यदि प्रश्न बैंक में ऐसा कोई प्रश्न टंकण त्रुटिवश समाहित हो गया हो जो कि सिलेबस से या संदर्भित अध्याय के बाहर का हो तो विषय शिक्षक उस प्रश्न को प्रश्नपत्र में शामिल नहीं करें ।
7. विषय शिक्षक त्रैमासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र बनाते समय विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए प्रश्न पत्र का निर्माण करें।
8. प्रश्न क्रमांक 19 एवं 20 विश्व तथा भारत के मानचित्र पर आधारित है,प्रश्न पत्र में विश्व तथा भारत का मानचित्र सलंग्न करना आवश्यक है।

## त्रैमासिक परीक्षा 2025-26

कक्षा – 12 **ब्लू प्रिंट** समय - 03 घंटे

विषय- भूगोल पूर्णांक –70 अंक

| पाठ्यपुस्तक | इकाई / अध्याय | आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | | | | | | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल वस्तुनिष्ठ प्रश्न | सही विकल्प | रिक्त स्थान | सत्य/ असत्य | सही जोड़ी | एक वाक्य | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त | 1 मानव भूगोल की प्रकृति एवं विषय क्षेत्र | **06** | **4** | **1** | **1** | **1** | **-** | **1** | **1** | **-** | **-** | **-** | **1** |
| | 2विश्व जनसंख्या वितरण, धनत्व और वृद्धि | **11** | **4** | **1** | | **1** | **2** | | **2** | **1** | **-** | **-** | **3** |
| | 3- मानव विकास | **05** | **3** | **1** | **1** | **1** | **-** | **-** | **1** | **-** | **-** | **-** | **1** |
| | 4 -प्राथमिक क्रियाएँ | **09** | **4** | **1** | **1** | **1** | **-** | **1** | **1** | **1** | **-** | **-** | **2** |
| | 5. द्वितीयक क्रियाएँ | **07** | **5** | **1** | **1** | **-** | **1** | **2** | **1** | | | | **1** |
| | विश्व मानचित्र पर आधारित प्रश्न | **05** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **1** | **1** |
| भारत लोग और अर्थव्यवस्था | 1- जनसंख्याः वितरण, घनत्व वृद्धि और संघटन | **13** | **4** | **-** | **1** | **1** | **2** | **-** | **1** | **1** | **1** | **-** | **3** |
| | 2- मानव बस्तियाँ | **09** | **4** | **1** | **1** | **1** | **-** | **1** | **1** | **1** | **-** | **-** | **2** |
| | भारत मानचित्र पर आधारित प्रश्न | **05** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **1** | **1** |
| | **कुल** | **70** | **28** | | | | | | **16** | **12** | **04** | **10** | **15 +5=20** |

**प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश-**

1. प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक कुल 28 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है।
   सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सत्य/ असत्य 06 अंक, सही जोड़ी 05 अंक, एक वाक्य में उत्तर 05 अंक
2. प्रश्न क्रमांक 6 से 20 तक में आंतरिक विकल्प दिए जाना हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 13 तक कुल 08 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित है।
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 17 तक कुल 04 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित है।
5. प्रश्न क्रमांक 18 कुल 01 प्रश्न हैं । प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित है।
6. प्रश्न क्रमांक 19 एवं 20 विश्व तथा भारत के मानचित्र पर आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक निर्धारित है।

# मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त

## अध्याय -1 मानव भूगोल की प्रकति एवं विषय क्षेत्र

**1.सही विकल्प चयनकर लिखिए -** **(01अंक)**

(i) निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक कथन भूगोल का सही वर्णन नहीं करता -

(अ) समाकलनात्मक अनुशासन (ब) मानव और पर्यावरण के बीच अंतर-संबंधों का अध्ययन

(स) द्वेधता पर आश्रित (द) आधुनिक समय में प्रौद्योगिक विकास प्रासंगिक नहीं है

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा भौगोलक सूचना का स्त्रोत नहीं है-

(अ) यात्रियों का विवरण (ब) प्राचीन मानचित्र

(स) चंद्रमा से चट्टानी पदार्थों के नमूने (द) प्राचीन महाकाव्य

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा एक लोगों और पर्यावरण के बीच अन्योन्य क्रिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण कारक है -

(अ) मानव बुद्दिमत्ता (ब) प्रौद्योगिक

(स) लोगों के अनुभव (द) मानवीय भाईचारा

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा एक मानव भूगोल का उपागम नहीं है-

(अ) क्षेत्रिय भिन्नता (ब) मात्रात्मक क्रांति

(स) स्थानिक संगठन (द) अन्वेषण और वर्णन

(v) मानव भूगोल अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के बीच परिवर्तनशील संबंधो का अध्ययन है

(अ) रैटजैल (ब) एलन सी सेम्पल

(स) विडाल डी. ला.ब्लास (द) ग्रिफिथ टेलर

(vi) निम्नलिखित में से मानव भूगोल का उपक्षेत्र है-

(अ) मनोविज्ञान (ब) महामारी विज्ञान

(स) संसाधन भूगोल (द) पर्यटन और यात्रा प्रबंध

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** **( 01 अंक)**

(i) भूगोल में किसी भी घटना का अध्ययन.......................................... तरीके से किया जाता है।

(ii) मानव भूगोल मानव समाजों और धरातल के बीच संबंधों का.............................. अध्ययन है।

(iii) .....................................किसी भी समाज के सांस्कृतिक विकास  के स्तर की सूचक होती है।

(iv) मानव की आदिम अवस्था में  प्रौद्योगिकी  का स्तर....................................... था।

(vi) आदिम समाज भौतिक पर्यावरण को.................................के रूप में धारण करता है।

**3. सत्य / असत्य लिखिए -** **(01अंक)**

(i) प्रौद्योगिकी विकास प्राकृतिक शक्तियों पर नियंत्रण करने में सक्षम बनाता है।

(ii) भौतिक पर्यावरण मानव द्वारा परिवर्तित किया जाता है।

(iii) मानव भौतिक पर्यावरण से प्रभावित होता है।

(iv) प्रौद्योगिकी के विकास के लिए प्राकृतिक नियमों को समझना आवश्यक नहीं है।

(v) प्रौद्योगिकी प्राकृतिक नियमों के विरुद्ध  स्वतंत्रता एवं विकल्प प्रस्तुत करती है।

(vi) आधुनिक समाज में मानव प्रकृति की प्रचंडता से भयभीत नही होता है।

(vii) आदिम जनजातियों द्वारा की जाने वाली स्थानांतरित कृषि संभववादी विचारधारा का उदाहरण है।

**5 एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए -** **(01अंक)**

(i) विषय के रूप में भूगोल की मुख्य विषय वस्तु क्या है?

(ii) पृथ्वी के भौतिक घटकों के नाम लिखिए ।

(iii) पृथ्वी पर मानवीय घटकों के नाम लिखिए ।

(iv) भूगोल विषय के अध्ययन में किन उपागमों का प्रयोग होता है?

(v) मानव भूगोल किसका अध्ययन करता है ?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** **(02 अंक)**

1. रेटजेल के अनुसार मानव भूगोल की परिभाषा लिखिए ।
2. एलन सी. सेम्पुल के अनुसार मानव भूगोल क्या है?
3. विडाल डी ला ब्लास के अनुसार मानव भूगोल की परिभाषा लिखिए ।
4. मानव भूगोल के उप क्षेत्रों के नाम लिखिए ।
5. आर्थिक  भूगोल में  सम्मिलित उप क्षेत्रों के नाम लिखिए ।
6. मानव के प्रकृतिकरण से क्या आशय हैं ?
7. नव निश्चयवाद से क्या आशय है?
8. पर्यावरण निश्चयवाद से क्या आशय है ?
9. प्रकृति के मानवीकरण से क्या आशय है ?
10. संभववाद क्या है?

## अध्याय -2 विश्व जनसंख्या वितरण ,घनत्व और वृद्धि

**1.सही विकल्प चयनकर लिखिए -** **(01अंक)**

(i) 21वी शताब्दी में विश्व की जनसंख्या दर्ज की गई।

(अ) 400 करोड़ (ब) 500 करोड़

(स) 600 करोड़ (द) 700 करोड़

(ii) विश्व की कितने प्रतिशत स्थल भाग पर जनसंख्या निवास करती है-

(अ) पाँच प्रतिशत (ब) चार प्रतिशत

(स) दस प्रतिशत (द) बीस प्रतिशत

(iii) निम्नलिखित में से किस महाद्वीप का जनसंख्या घनत्व सर्वाधक है -

(अ) अफ्रीका (ब) यूरोप

(स) एशिया (द) ऑस्ट्रेलिया

(iv) निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में जनसंख्या घनत्व निम्नतम है-

(अ) एशिया (ब) यूरोप

(स) अफ्रीका (द) उत्तरी अमेरिका

(v) एशिया में विश्व की कितनी प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है-

(अ) 40 प्रतिशत (ब) 30 प्रतिशत

(स) 50 प्रतिशत (द) 60 प्रतिशत

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** **( 01 अंक)**

(i) जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाला सबसे प्रबल कारक................................... है।

(ii) एशिया महाद्वीप की जनसंख्या लगभग.......................................है ।

(iii) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या वृद्धि.....................प्रतिशत हुई है।

(v) भारत की वार्षिक जनसंख्या वृद्धि दर......................................................... प्रतिशत है।

**3. सत्य / असत्य लिखिए -** **(01अंक)**

(i) विश्व की 90 प्रतिशत जनसंख्या 10 प्रतिशत भाग पर निवास करती है ।

(ii) जनसंख्या में परिवर्तन जो प्रतिशत में व्यक्त किया जाता है ,जनसंख्या वृद्धि कहलाता है।

(iii) जनांककीय संक्रमण सिद्धांत की तृतीय अवस्था के देश पीरु, श्रीलंका व  केन्या इसके उदाहरण है।

(iv) ईसा की पहली शताब्दी में जनसंख्या 30 करोड से कम थी।

(v) प्राकृतिक वृद्धि = जन्म दर - मृत्यु दर  होता है।

(vi) प्राकृतिक वृद्धि = जन्म – मृत्यु + आप्रवास +उत्प्रवास होता है।

**4 सही जोंडी बनाकर लिखिए –** **(01 अंक)**

| कॉलम  (क) | कॉलम (ख) |
|---|---|
| (i) जनांककीय संक्रमण सिद्धांत की द्वितीय  अवस्था | (अ) एशिया |
| (ii) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला महाद्वीप | (ब) मृत्यु दर घटने लगती है, जन्म दर उच्च |
| (iii) सबसे कम क्षेत्रफल वाला महाद्वीप | (स) उच्च जन्म दर और उच्च मृत्यु दर |
| (iv) जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि | (द) जन्म दर, मृत्यु दर से अधिक |
| (v) जनांककीय संक्रमण सिद्धांत की प्रथम अवस्था | (इ) जन्म दर, मृत्यु दर से कम |
| (vi) जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि | (फ)आस्ट्रेलिया |

**5 एक  वाक्य में उत्तर दीजिए-** **(01 अंक)**

(i) जनसंख्या घनत्व क्या दर्शाता है?

(ii) जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?

(iii) एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?

(iv) जनसंख्या घनत्व में क्या ज्ञात जाता है?

(v) जनसंख्या परिवर्तन की अवस्थाओं को सामूहिक रूप में किस  नाम से जाना जाता है?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** **(02 अंक)**

1. जनसंख्या नियंत्रण के कोई दो उपाय लिखिए।
2. जनसंख्या की वास्तविक  वृद्धि से क्या अभिप्राय है?
3. जनांककीय संक्रमण क्या है?
4. प्रवास के प्रतिकर्ष कारकों के नाम लिखिए ।
5. प्रवास के अपकर्ष कारक के नाम लिखिए।

6. जनसंख्या वृद्धि किसे  कहते है?

7. उत्प्रवास से क्या आशय है?

8. अप्रवास के से क्या आशय है ?

9. जनसंख्या वृद्धि  के घटकों को लिखिए ।

10. जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि किसे  कहते है?

11. अशोधित जन्मदर से क्या आशय हैं?

12. अशोधित मृत्युदर से क्या आशय है?

13. जनसंख्या घनत्व कैसे ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।

14. जनसंख्या वृद्धि के कोई दो कारणों को लिखिए ।

**लघु उत्तरीय प्रश्न-** **(03 अंक)**

1. जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले तीन भौगोलिक कारकों का उल्लेख कीजिए।

2. विश्व में उच्च्च जनसंख्या घनत्व वाले अनेक क्षेत्र हैं। ऐसा क्यों होता है?

3. जनसंख्या परिवर्तन के तीन घटक कौन-से हैं? स्पष्ट कीजिए ।

4. जन्म दर और मृत्यु दर अंतर स्पष्ट कीजिए ।

5 विश्व में जनसंख्या के वितरण और घनत्व को प्रभावित करने वाले आर्थिक कारकों की विवेचना कीजिए।

6.जनाकिकीय संक्रमण की तीन अवस्थाओं की विवेचना कीजिए।

# अध्याय -3 मानव विकास

**1.सही विकल्प चयनकर लिखिए -** **(01अंक)**

(1) निम्नलिखित में से किस विद्वान ने मानव विकास की अवधारणा की शुरुआत की -

(अ) प्रो. अमर्त्य सेन (ब) डॉ. महमूद उल हक

(स) रैटजेल (द) हेटनर

(ii) मानव विकास रिपोर्ट पहली बार प्रकाशत हुई-

(अ) सन 1981 (ब) सन 1970

(स) सन 1990 (द) सन 1980

(iii) मानव विकास सूचकांक में प्रथम स्थान पर स्थित देश है

(अ) लात्विया (ब) नॉर्वे

(स) फिनलैंड (द) ऑस्ट्रिया

(iv) मानव विकास सूचकांक को मापने का मापदण्ड नहीं है-

(अ) साक्षरता दर (ब) प्रति व्यक्ति आय

(स) जीवन प्रत्याशा (द) लोगों की सामाजिक स्थिति

(v) वर्ष 2006 में UNDP में भारत का स्थान था-

(अ) 130 वां (ब) 136 वां

(स) 126 वां (द) 128 वां

(vi) मानव विकास सूचकांक को मापने की सीमा है-

(अ) 1 से 10 (ब) 1 से 20

(स) 1 से 100 (द) 1 से 1000

(vii) सबसे पहले ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस इंडेक्स प्रस्तुत कया है –

(अ) नेपाल (ब) भूटान

(स) बांग्लादेश (द) श्रीलंका

(viii) मानव विकास का स्तंभ नहीं है-

(अ) इक्विटी (ब) स्थिरता

(स) उत्पादकता (द) उप क्षमता

(ix) मानव विकास की अवधारणा का केंद्रक है-

(अ) प्रकृति (ब) संसाधन

(स) लोग (द) सरकार

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- (01 अंक)**

(i) विकास का अर्थ गुणात्मक परिवर्तन है जो...................................... के सापेक्ष होता है।

(ii) प्रो. अमर्त्य सेन................................................... विषय के नोबेल पुरुस्कार विजेता है।

(iii) अति उच्च मानव विकास का स्तर ..............................................होता है।

(iv) मानव विकास प्रतिवेदन 2006 के अनुसार भारत का........................ स्थान पर था।

(v) ट्रिनिडाड............................................................ अर्थव्यवस्था वाला देश है।

(vi) 0.550 से 0.700 के बीच मानव विकास सूचकांक का स्तर.............................. होता है।

(vii) GNN प्रगति का आधिकारिक माप ............................................. ने घोषित किया ।

**3. सत्य / असत्य लिखिए - (01अंक)**

(i) डॉ. महमूद उल हक के अनुसार विकास लोगों के विकल्पों में वृद्धि करता है।

(ii) 1991 से UNDP मानव विकास प्रतिवेदन प्रकाशित करता है।

(iii) UNDP द्वारा प्रयुक्त मानव विकास मापन के दो महत्वपूर्ण सूचकांक है।

(iv) 2018 में मानव विकास प्रतिवेदन अनुसार भारत 129 वां स्थान पर है।

(v) मानव विकास समता, सतत पोषणीयता, उत्पादकता और सशक्तीकरण की संकल्पनाओं पर आश्रित है।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक)**

1. मानव विकास के चार स्तंभों के नाम लिखिए ।
2. मानव गरीबी सूचकांक क्या है?
3. मानव विकास सूचकांक क्या है?
4. वृद्धि से क्या आशय है?
5. विकास से क्या आशय है?
6. "लंबा और स्वस्थ जीवन जीना मानव विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू है।" कथन के समर्थन समर्थन में कोई दो तर्क दीजिए।
7. विश्व में मानव विकास सूचकांक की रैंक तय करने वाले दो प्रमुख क्षेत्रों को लिखिए ।

8. मानव विकास में सतत पोषणीय से क्या आशय है?

9. मानव विकास क्या है ?

10. मानव विकास में उत्पादकता से क्या आशय है?

11. मानव विकास में सशक्तिकरण से क्या आशय है?

12. प्रथम मानव विकास प्रतिवेदन कब और किस ने प्रतिपादित कया ?

13. समानता मानव विकास के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है, किन्हीं दो मानवीय मूल्यों को लिखिए जो सभी को समान अवसर प्रदान करने के लिए आवश्यक है।

14. विभिन्न मानव विकास स्तर वाले देशों में लोगों की सामाजिक व आर्थिक स्थितियों की तुलना कीजिए।

15. "एक क्षेत्र का आकार और प्रति व्यक्ति आय सीधे मानव विकास से संबंधत नहीं है" कोई दो उदाहरण सहित कथन का समर्थन कीजिए ।

## अध्याय -4 प्राथमिक क्रियाएँ

**1.सही विकल्प चयनकर लिखिए -** **(01अंक)**

(i) आर्थिक क्रियाओं को कतने भागों में बांटा गया है-

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) चार

(ii) लाल कॉलर श्रमिक किस क्रियाकलाप के अंतर्गत आते हैं-

(अ) प्राथमिक क्रियाकलाप (ब) द्वितीयक क्रियाकलाप

(स) तृतीयक क्रियाकलाप (द) चतुर्थक क्रियाकलाप

(iii) चुइंगम चूसने के बाद बचे भाग को चकल कहते हैं, यह किस वृक्ष से प्राप्त होता है-

(अ) नीम (ब) महोगिनी

(स) जपोटा (द) रोजवुड

(iv) रेनडियर पाले जाते है-

(अ) रेगिस्तान क्षेत्रों में (ब) ध्रुवीय क्षेत्रों में

(स) भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में (द) भूमध्यरेखीय क्षेत्रों में

(v) कॉफी के बागानों को ब्राजील में कहा जाता है -

(अ) घर (ब) फार्महाउस

(स) फेजेंडा (द) मिल्पा

(vi) अंगूर की कृषि मुख्य रूप से कहाँ की विशेषता है -

(अ) भूमध्यसागरीय क्षेत्रों की (ब) भूमध्यरेखीय क्षेत्रों की

(स) रेगिस्तान क्षेत्रों की (द) ध्रुवीय क्षेत्रों की

(vii) सोवयत संघ में सामूहिक कृषि को कहा जाता है-

(अ) कोलखहोज (ब) लदांग

(स) ट्रक फार्मिंग (द) निर्वहन कृषि

(viii) वह कौन-सी विधि है, जब अयस्क को धरातल के नीचे गहराई में खोदकर निकाला जाता है,-

(अ) खुली खदान (ब) कूपकी खदान

(स) ब्रेच खनन (द) उपरोक्त में से कोई नही

( ix) निम्नलिखित में से किस देश का प्रत्येक सदस्य सहकारी कृषि  का सदस्य है-

(अ) चिली (ब) डेनमार्क

(स) चीन (द) फ्रांस

(x) पशुपालन एवं कृषि कार्य एक साथ करना  कहलाते है -

(अ) मिश्रित कृषि (ब) रोपण कृषि

(स) व्यापारिक कृषि (द) कोलखहोज

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- ( 01 अंक)**

(i) भोजन एकत्र करना, आखेट करना, वन काटना, पशुचारण आदि..................................... क्रियाकलाप के अंतर्गत आते हैं।

(ii) नए चारागाहों की खोज, पर्वत से मैदान, मैदान से पर्वत की ओर जाना......................... कहलाता है।

(iii) जपोटा वृक्ष के दूध से.................................................... बनाई जाती है।

(iv) कुनैन पौधे के........................................................... भाग से प्राप्त होती है।

(v) उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में चाय, कॉफी और रबड़............................... कृषि  के अंतर्गत आते हैं।

**3. सत्य / असत्य लिखिए  - (01अंक)**

(i) स्थानांतरण कृषि  को कर्तन दहन कृषि  कहते है।

(ii) प्राथमिक  क्रियाकलाप  से जुड़े लोग उच्च रहन सहन व आधुनिक तकनीक का उपयोग करते है।

(iii) भोजन संग्रहण एवं आखेट प्राचीनतम ज्ञात आर्थिक क्रियाएँ है।

(iv) चलवासी पशुचारण में पशुचारक अपने भोजन, वस्त्र, शरण, औजार एवं यातायात के लिए  पशुओं पर निर्भर रहता है।

(v) गुज्जर, बकरवाल, गद्दी एवं भूटिया भारत की पशुचारक जनजातियाँ  है।

(vi) वनस्पति को जलाकर जली राख में कृषि  करना स्थानांतरण कृषि या दहन कृषि  कहलाता  है।

(vii) फूलों  की कृषि  पुष्पोत्पादन कहलाती है।

(viii) भारत एवं श्रीलंका में चाय के बागान फ्रांसीसी लोगों ने लगाया था ।

(ix) ट्रक फार्मिंग में कॉफी एवं चाय की कृषि  होती है।

**5 एक  वाक्य में उत्तर दीजिए  -**

(i) अंगूर की कृषि  मुख्य रूप से किस क्षेत्र में की जाती  है?

(ii) सिनकोना  की छाल से कौन-सी औषधी प्राप्त की जाती है?

(iii) ऑस्ट्रेलया में विस्तृत घास के मैदान क्या कहलाते है?

(iv) एक विशिष्ट गतिविधि जिसमे एक ही तरह के पशु पाले जाते क्या कहलाती है?

(v) अमेरिका में विस्तृत घास के मैदान क्या कहलाते है?

(vi) चुइंगम का निर्माण किस वृक्ष के दूध से होता है?

(vii) विश्व में सर्वाधिक वाणिज्य पशुपालन कहाँ किया जाता है?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** **(02 अंक)**

1. प्राथमिक क्रियाकलाप किसे कहते है?
2. लाल कॉलर श्रमिक किसे कहते है?
3. ट्रक फार्मग किसे कहते है?
4. विश्व के भोजन संग्रहण के दो प्रमुख क्षेत्र कौन-से है?
5. चलवासी पशुचारण किसे कहते है?
6. ऋतु प्रवास किसे कहते है?
7. निर्वहन कृषि किसे कहते है?
8. स्थानांतरण कृषि या कर्तन दहन कृषि किसे कहते है?
9. गहन निर्वाह कृषि किसे कहते है?
10. रोपण कृषि किसे कहते है?
11. मिश्रित कृषि किसे कहते है?

**लघु उत्तरीय प्रश्न** **(03 अंक)**

1. भूमध्यसागरीय कृषि की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए ।
2. गहन निर्वाह कृषि के प्रकारों का वर्णन कीजिए ।
3. खनन कार्य को प्रभावित करने वाले कोई तीन कारको का वर्णन कीजिए ।
4. विश्व स्तर में सहकारी कृषि कहाँ ज्यादा फलीभूत हुई और क्यों? स्पष्ट कीजिए ।
5. सामूहिक कृषि को उदाहरण सहित समझाइए ।
6. आधुनिक कृषि में पुष्पोत्पादन कृषि का विशेष महत्व है, किसी एक राष्ट्र का उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।
7. "पर्वतीय क्षेत्रों में रोपण कृषि लाभकारी होती है।" कोई तीन लाभों को लिखिए ।
8. निर्वाह कृषि एवं रोपण कृषि में कोई तीन अंतर स्पष्ट कीजिए ।
9. आधुनिक समय में भोजन संग्रह का आधुनिकीकरण हो गया है, स्पष्ट कीजिए ।

10. पशुपालक का जीवन पूर्ण रूप से पशुचारण पर निर्भर होता होता है। स्पष्ट कीजिए ।

11. मिश्रित कृषि एवं डेरी कृषि एक दूसरे की पूरक हैं, स्पष्ट कीजिए।

12. खनन किसे कहते हैं ? खनन की प्रमुख विधियों का वर्णन कीजिए।

18. खनन से उत्पन्न कोई तीन समस्याओं का समाधान किस प्रकार किया जा सकता है ? लिखिए ।

19. "कृषि का उपनिवेशवाद पर प्रभाव पड़ता है।" कोई तीन तथ्यों को लिखिए ।

## अध्याय 5 द्वितीयक क्रियाएँ

**1.सही विकल्प चयनकर लिखिए -** **(01अंक)**

(i) निम्नलिखित में से किस क्रियाएँ द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का मूल्य बढ़ जाता है -

(अ) प्राथमिक क्रियाएँ (ब) द्वितीयक क्रियाएँ

(स) तृतीयक क्रियाएँ (द) चतुर्थक क्रियाएँ

(ii) एक प्रकार का उद्योग जो अन्य उद्योगों के लिए कच्चे माल का उत्पादन करता है-

(अ) कुटीर उद्योग (ब) छोटे पैमाने के

(स) आधारभूत उद्योग (द) स्वच्छंद उद्योग

(iii) कच्चे लोहे से इस्पात बनाने के लिए निम्न धातु उपयोगी है -

(अ) मैग्नीज (ब) सोना

(स) तांबा (द) जिंक

(iv) निर्माण उद्योग की सबसे छोटी इकाई है -

(अ) कुटीर उद्योग (ब) लघु उद्योग

(स) आधारभूत उद्योग (द) निर्माण उद्योग

(v) आकार के आधार पर उद्योग के प्रकार होते है-

(अ) तीन (ब) चार

(स) पांच (द) दो

(vi) निर्माण का शाब्दिक अर्थ है -

(अ) सामान बेचना (ब) हाथ से बनाना

(स) मशीन से बनाना (द) सामान ख़रीदना

(vii) आधुनिक निर्माण के मुख्य केंद्र विश्व के कुल स्थलीय भाग के कितने प्रतिशत भू-भाग पर है -

(अ) 40 % (ब) 20 % से अधक

(स) 10% से कम (द) 25 %

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- (01 अंक)**

(i) निर्माण से आशय.................................. निर्माण है ।

(ii) ......................................उद्योग में परिवार के सभी सदस्य मिलकर कार्य करते हैं।

(iii) .......................................................उद्योग में रोजगार के अवसर अधिक होते है।

(iv) अकेला ..........................................देश वस्त्र उद्योग का लगभग आधा कपास आयात करता है।

(v) लौह अयस्क को झोंका भट्टियों में....................व .................. के साथ प्रगलन किया जाता है।

(vi) मिट्टी के बर्तन बनाना........................................... आधारित उद्योग है।

(vii)सरकार प्रादेशक नीति........................................ के लिए अपनाती है।

(viii)आकार के आधार पर उद्योगों को ...................................वर्गों में विभाजित किया गया है।

(ix) बड़े पैमाने के उद्योगों का विस्तार..................................... के प्रत्येक क्षेत्र में हो गया है।

(x) चाय ,कॉफ़ी ,कोकोआ.................................................आधारित उद्योग है।

**4 सही जोडी बनाकर उत्तर लिखिए (01 अंक )**

| **कॉलम (क)** | **कॉलम (ख)** |
|---|---|
| (i) तमिलनाडु | (अ) स्वचालित मशीन |
| (ii) यंत्रीकरण | (ब) आधारभूत उद्योग |
| (iii) प्रौद्योगकी नवाचार | (स) नीलगिरी की पहाड़ियाँ |
| (iv) बृहद वैश्विक बाजार क्षेत्र | (द) कृषि आधारित उद्योग |
| (v) लोहा इस्पात | (इ) शोध युक्तियाँ |
| (vi) अचार, शक्कर | (फ) कुटीर उद्योग |
| (vii) चटाईयाँ बनाना | (ज) यूरोप, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया |

**5 एक वाक्य में उत्तर दीजिए –** **(01 अंक)**

(i) निर्माण की सबसे छोटी इकाई कौन-सी है?

(ii) विशाल बाजार शक्ति के साधन एवं अधिक पूँजी कौन-से उद्योग की विशेषता है?

(iii) सामान्यतः कौन-से उद्योग प्रदूषण नहीं फैलाते है।

(iv) कृषि कारखाने को कितने वर्गों में विभाजित किया जाता है?

(v) कौन-से उद्योग कारखानों में संपन्न नहीं होते है ?

(vi) कच्चे माल के आधार पर उद्योग का वर्गीकरण में कपास उद्योग किस श्रेणी में आता है?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** **( 02 अंक)**

1. विनिर्माण से क्या आशय है? कोई दो उदाहरण लिखिए ।
2. यंत्रीकरण से क्या तात्पर्य है?
3. कुटीर उद्योग की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।
4. कृषि आधारित उद्योग किसे कहते है ?
5. किसी देश के आर्थिक विकास में उद्योगों के कोई दो महत्व लिखिए ।
6. आकार के आधार पर उद्योगों को कितने वर्गों में विभाजित कया जाता है। उनके नाम भी लिखिए ।
7. आधुनिक निर्माण की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।
8. खनिज आधारित उद्योगों के कोई दो नाम लिखिए ।
9. कृषि व्यापार से क्या तात्पर्य है?
10. भोजन प्रसंस्करण से क्या आशय है?
11. कृषि कारखाने से क्या अभप्राय है?
12. प्रौद्योगिकी नवाचार से क्या तात्पर्य है?
13. श्रम आपूर्ति उद्योगों की स्थापना को कैसे प्रभावत करती है?
14. छोटे पैमाने वाले उद्योगों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

15 लघु उद्योग व कुटीर उद्योग में कोई दो अंतर लिखिए।

# भारत लोग और अर्थव्यवस्था

## अध्याय 1 जनसंख्या: वितरण, घनत्व, वृद्धि और संगठन

**1.सही विकल्प चयनकर लिखिए -** **(01अंक)**

(i) भारत में 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है –

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) बिहार

(स) महाराष्ट्र (द) पश्चिम बंगाल

(ii) भारत में 2011 की जनगणना के अनुसार न्यूनतम जनसंख्या वाला राज्य है –

(अ) गोवा (ब) सिक्किम

(स) अरुणाचल प्रदेश (द) मिज़ोरम

(iii) भारत में 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक घनत्व वाला केंद्रशासित प्रदेश कौन-सा है?

(अ) दिल्ली (ब) पुडुचेरी

(स) चंडीगढ़ (द) दमन और दीव

(iv) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या कितनी थी-

(अ) 100.2 करोड़ (ब) 121.0 करोड़

(स) 115.5 करोड़ (द) 129.8 करोड़

(v) भारत में जनगणना कितने वर्षों में एक बार की जाती है-

(अ) 5 वर्ष (ब) 10 वर्ष

(स) 15 वर्ष (द) 20 वर्ष

(vi) 1901–1911 के दशक में भारत की जनसंख्या वृद्धि का इतिहास कैसा रहा?

(अ) जनसंख्या में अधिक वृद्धि (ब) जनसंख्या में ऋणात्मक वृद्धि

(स) जनसंख्या में स्थिर वृद्धि (द) जनसंख्या में तीव्र वृद्धि

(vii)भारत की कुल जनसंख्या का लगभग कितने प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में रहता है-

(अ) 21% (ब) 31%

(स) 41% (द) 51%

(viii) जनसंख्या के संगटन में लिंग अनुपात मापा जाता है –

(अ) प्रति 1000 पुरुष पर स्त्रियों की संख्या (ब) प्रति 1000 स्त्रियों पर पुरुषों की संख्या

(स) प्रति वर्ग किलोमीटर जनसंख्या (द) प्रति 1000 पर बच्चों की संख्या

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** **( 01 अंक)**

(i) जनगणना वर्ष 2011 में भारत का सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य............................ था।

(ii) जनगणना वर्ष 2011 में भारत का औसत लिंग अनुपात .....................................था।

(iii) भारत का सबसे अधिक शहरीकरण वाला राज्य ........................................ है।

(iv) 1951–1981 को भारत की जनसंख्या वृद्धि का ..................................काल कहा जाता है।

**3. सत्य / असत्य लिखिए -** **(01अंक)**

(i) जनगणना वर्ष 2011 में दिल्ली का जनसंख्या घनत्व **11,297** व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. था।

(ii) 2001–2011 के दशक में भारत की जनसंख्या वृद्धि दर 21.54% थी।

(iii) भारत में अनुसूचित भाषाओँ में हिंदी बोलने वालों का प्रतिशत सर्वाधिक है।

(iv) गंगा का मैदान भारत का सबसे सघन जनसंख्या क्षेत्र है।

(v) भारत का पहला जनगणना सर्वेक्षण 1872 में हुआ था।

(vi) भारत में महिला श्रमिकों की संख्या प्राथमिक सेक्टर में अपेक्षाकृत अधिक हैं।

**4 सही जोडी बनाकर उत्तर लिखिए -** **(01अंक)**

| **कॉलम (क)** | **कॉलम (ख)** |
|---|---|
| (i) भारत की पहली संपूर्ण जनगणना | (अ) एक वर्ष में 183 दिनों से कम काम करता |
| (ii) मुख्य श्रमिक | (ब) 1872 ई. |
| (iii) सीमांत श्रमिक | (स) 73 प्रतिशत |
| (iv) द्रविड | (द) 20 प्रतिशत |
| (v) भारतीय आर्य | (इ) 1.38 प्रतिशत |
| (vi) भारत की पहली जनगणना | (फ) एक वर्ष में कम से कम 183 दिन काम करता |
| (vii) आस्ट्रिक | (य) 1881 ई. |

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न-** **( 02 अंक)**

1. जनसंख्या घनत्व किसे कहते है?
2. 1921 को "महान विभाजन वर्ष" क्यों कहा जाता है?

3 जनसंख्या संगटन से आप क्या समझते हैं?

4 भारत में जनसंख्या वितरण असमान क्यों है?

5 2011 में भारत के सबसे अधिक और सबसे कम घनत्व वाले दो-दो राज्यों के नाम लिखिए ।

6 सीमांत श्रमिक किसे कहते हैं?

7 राष्ट्रीय युवा नीति (NYP-2014) क्या है ?

8 भारत सरकार ने 2015 में कौशल विकास तथा उद्यमिता के लिए बनाई गई नीति के उद्देश्य लिखिए।

9 जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि किसे कहते हैं?

**लघु उत्तरीय प्रश्न-** **(3 अंक)**

1. कायिक घनत्व तथा कृषीय घनत्व किसे कहते है ?

2. भारत के कुछ राज्यों में अन्य राज्यों की अपेक्षा श्रम सहभागिता ऊँची क्यों है?

3 "कृषि सेक्टर में भारतीय श्रमिकों का सर्वाधिक अंश संलग्न है।" स्पष्ट कीजिए।

**4** भारत के अत्यंत ऊष्ण एवं शुष्क तथा अत्यंत शीत व आर्द्र प्रदेशों में जनसंख्या का घनत्व निम्न है। इस कथन के दृष्टिकोण से जनसंख्या के वितरण में जलवायु की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

**दीर्ध उत्तरीय प्रश्न –** **(4 अंक)**

1 . भारत में जनसंख्या के घनत्व के स्थानिक वितरण की विवेचना कीजिए।

2 . भारत की जनसंख्या का व्यावसायिक संघटन को कितने वर्गों में विभाजित किया गया है ? समझाइए ।

3 भारत के किन राज्यों में विशाल ग्रामीण जनसंख्या है? इतनी विशाल ग्रामीण जनसंख्या के लिए उत्तरदायी कारणों का वर्णन कीजिए ।

4 भारत में जनसंख्या वृद्धि की चारों प्रावस्थाओं की विशेषताओं को समझाइए।

## अध्याय 2 मानव बस्तियाँ

**1.सही विकल्प चयनकर लिखिए - (01अंक)**

(i) ग्रामीण बस्तियों में मुख्य रूप से किन आर्थिक क्रियाकलाप से जुड़े लोग रहते हैं-

(अ) प्राथमिक क्रियाकलाप (ब) द्वितीयक क्रियाकलाप

(स) तृतीयक क्रियाकलाप (द) चतुर्थक क्रियाकलाप

(ii) पान्ना, पाडा, पाली, नगला, ढाणी आदि नाम है-

(अ) बस्तीयों के (ब) जनजातियों के

(स) प्रजातियों के (द) फसलों के

(iii) वाराणसी किस प्रकार का नगर है-

(अ) सैनिक छावनी (ब) धार्मिक अथवा सांस्कृतिक

(स) प्रशासनिक (द) हिल स्टेशन

(iv) सूरत, दमन, गोवा, पांडचेरी इत्यादि किस श्रेणी के नगर है-

(अ) प्राचीन नगर (ब) मध्यकालीन नगर

(स) आधुनिक नगर (द) ऐतिहासक नगर

(v) जहाँ मानव बस्तियाँ एकाकी रूप में सुदूर जंगलों में एकाकी झोपड़ी अथवा छोटी पहाड़यों की ढालों पर दिखाई देती है-

(अ) परिक्षिप्त बस्तियाँ (ब) नगरीय बस्तियाँ

(स) संयुक्त बस्तियाँ (द) पल्ली बस्तियाँ

(vi) नैनीताल, मसूरी, पचमढ़ी कस प्रकार के नगर है-

(अ) पर्यटन नगर (ब) धार्मक नगर

(स) प्रशासनिक नगर (द) व्यापारिक नगर

(v) गैरिसन (छावनी) नगर कहलाते हैं-

(अ) धार्मक कार्य (ब) सैन्य कार्य

(स) पर्यटन कार्य (द) व्यापार कार्य

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** **( 01 अंक)**

(i) गंगा के जलोढ़ मैदान में................................................बस्तियाँ पायी जाती है।

(ii) आगरा ...........................................................नदी के तट पर स्थित शहर है।

(iii) ग्रामीण बस्तियाँ मुख्य रूप से.................................. क्रियाकलाप से जुड़े रहते हैं।

(iv) रानीगंज, धनबाद, डिगबोई ..................................................... नगर कहलाते हैं।

(v) राजस्थान में जल के अभाव में उपलब्ध जल संसाधनों के अधिकतम उपयोग ने................................ बस्तियों को अनिवार्य बना दिया है।

(vi) भारत में नगरों का अभ्युदय ...................................................काल में हुआ।

(vii) भोपाल ..................................................................नगरों की श्रेणी में आता है।

(viii) मरुस्थली प्रदेशों में गाँव की अवस्थिति के मुख्य कारक.................................. है।

**3. सत्य / असत्य लिखिए -** **(01अंक)**

(i) ग्रामीण बस्तियों का संबंध तृतीयक एवं चतुर्थक क्रियाकलाप से होता है।

(ii) ग्रामीण बस्तियों में शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन का समुचित विकास होता है।

(iii) प्रयागराज, पाटलीपुत्र और मदुरई देश के प्राचीन नगरों के उदाहरण है।

(v) ग्रामीण लोग कम गतिशील एवं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से घनिष्ठ होते हैं ।

(vii) स्मार्ट सिटी मिशन शहरों के विकास की महत्वपूर्ण योजना है ।

**4 एक वाक्य में उत्तर दीजिए -** **(01अंक)**

(i) प्राथमिक क्रियाकलाप से जुडी बस्तियाँ क्या कहलाती है ?

(ii) नैनीताल, मसूरी, शिमला और पचमढ़ी किस श्रेणी के नगर कहलाते है ?

(iii) वे पत्तन नगर जो मुख्यतः आयात और निर्यात कार्यों में सलंग्न रहते हैं, कहलाते हैं ?

(iv) भारत सरकार द्वारा शहरों के विकास के लिए चलाई जा रही योजना का क्या नाम है ?

(v) वे बस्तियाँ जो अकृषि ,आर्थिक एवं प्रशासकीय प्रकार्यों में सलंग्न होती हैं, कहलाती हैं?

(vi) जहाँ से पूरे देश या राज्य में प्रशासन किया जाता हैं, कहलाते हैं ?

(vii) छोटे नगर आपस में मिल जाते हैं, तो क्या कहलाते हैं ?

**अति लघुत्तरीय प्रश्न -** **(2 अंक)**

1. मानव बस्तियाँ किसे कहते हैं?
2. महानगर किसे कहते हैं?
3. ग्रामीण बस्तियाँ किन-किन क्रियाकलापों में सलंग्न रहती हैं?
4. पल्ली बस्तियाँ किसे कहते हैं ?
5. बुंदेलखंड एवं नागालैंड में कैसी बस्तियाँ पाई जाती है?
6. ग्रामीण बस्तियाँ किसे कहते हैं ?
7. पर्यटन नगरों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।
8. भारत में नगरों का विकास कब से माना जाता है?
9. प्राचीन नगर किसे कहते हैं?
10. हिल स्टेशन या पर्यटन नगर किसे कहते हैं?
11. भारत की जनगणना में नगरों को कतने भागों में बांटा गया है?
12. मेगा नगर किसे कहते हैं ?
13. नगरी बस्तियों की दो विशेषताएँ लिखिए ।
14. वाणज्यिक नगर को परिभाषत कीजिए।
15. 'गैरिसन नगर शब्द कन नगरों के लिए प्रयुक्त कया जाता हैं ?
16. स्मार्ट सटी मिशन की दो विशेषताएँ लिखिए ।

**लघु उत्तरीय प्रश्न -** **(03 अंक)**

1 . ग्रामीण एवं नगरीय बस्तियों में कोई तीन अंतर लिखिए ।
2. ग्रामीण बस्तियों के बसावट की तीन प्रमुख विशेषताएँ लिखिए ।
3. गुच्छित बस्तियाँ किस प्रकार की होती हैं, एवं किन कारकों व दशाओं में उनका विकास होता है, तीन कारकों व दशाओं का वर्णन कीजिए।
4 . स्मार्ट सिटी मिशन की परिकल्पना को स्पष्ट करते हुए कुछ शहरों के नाम लिखिए ।
5. मानवीय क्रयाकलापों के आधार पर बस्तियों का विकास कैसे होता हैं? संक्षिप्त में समझाइए ।
6. ग्रामीण बस्तियों को कितने प्रकारों में बांटा गया है ?किसी एक प्रकार की ग्रामीण बस्तियों की दो विशेषताएँ लिखिए ।

# विश्व के मानचित्र पर आधारित

# प्रश्न क्रमांक 19 हेतु

1 विश्व **के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए -** **(01अंक)**

(i) पंपास घास के मैदान
(ii) ऑस्ट्रेलिया का डेरी कृषि क्षेत्र
(iii) उत्तरी पश्चमी यूरोप का डेरी कृषि क्षेत्र
(iv) कनाडा का डेरी कृषि क्षेत्र
(v) प्रेयरीज घास का मैदान

2 विश्व **के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए -** **(01अंक)**

(i) अफ्रीका का निर्वाहन संग्रहण के क्षेत्र
(ii) तिब्बत के चलवासी पशुचारण क्षेत्र
(iii) अफ्रीका का विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र
(iv) एशिया का गहन निर्वाह कृषि के क्षेत्र
(v) न्यूजीलैंड के केंटरबरी के घास के मैदान

3. विश्व **के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए -** **(01अंक)**

(i) मध्य अमेरिका के आदिकालीन निर्वाह कृषि क्षेत्र
(ii) अफ्रीका का आदिकालीन निर्वाह कृषि क्षेत्र
(iii) दक्षिणी अमेरिका के आदिकालीन निर्वाह कृषि क्षेत्र
(iv) दक्षिण पूर्वी एशिया का आदिकालीन निर्वाह कृषि क्षेत्र
(v) ऑस्ट्रेलिया का वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र

4. विश्व **के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए -** **(01अंक)**

(i) उत्तरी अमेरिका का वाणिज्य पशुधन पालन क्षेत्र
(ii) दक्षिणी अमेरिका का वाणिज्य पशुधन पालन क्षेत्र
(iii) अफ्रीका का वाणिज्य पशुधन पालन क्षेत्र
(iv) ऑस्ट्रेलिया का वाणिज्य पशुधन पालन क्षेत्र
(v) एशिया का वाणिज्य पशुधन पालन क्षेत्र

## विश्व का मानचित्र



## भारत के मानचित्र पर आधारित

## प्रश्न क्रमांक 20 हेतु

**1 भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए -**

(i) जनगणना वर्ष 2011 में भारत का सर्वाधिक नगरीकृत राज्य

(ii) जनगणना वर्ष 2011 में भारत का विशाल जनसंख्या वाला राज्य

(iii) जनगणना वर्ष 2011 में भारत में सर्वाधिक लिंगानुपात रखने वाला राज्य

(iv) जनगणना वर्ष 2011 भारत में न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(v) जनगणना वर्ष 2011 भारत का उच्चतम जनसंख्या वृद्धि दर वाला राज्य

**2 भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए -**

(i)1991-2001 की तुलना में 2001-2011 सबसे कम दशकीय वृद्धी दर वाला राज्य


(ii) 1991-2001 की तुलना में 2001-2011 सबसे अधिक दशकीय वृद्धी दर वाला राज्य

(iii) प्रायद्वीप भारत का राज्य जिसमे सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व

(iv) जनगणना वर्ष 2011 भारत का सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या प्रतिशत वाला राज्य

(vi) जनगणना वर्ष 2011 भारत में न्यूनतम लिंगानुपात रखने वाला राज्य

# भारत का मानचित्र




SamacheerKalvi.Guru